प्रेषक,

**महत्वपूर्ण / ई–मेल द्वारा**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**सेवा में,**

परिषद से सम्बद्ध
समस्त राजकीय / अनुदानित
एवं निजी क्षेत्र की संस्थाओं के प्रधानाचार्य / निदेशक।

संख्याः प्राशिप / अनु0–6 / सम सेमे0परी0 जून 2019 / लखनऊः दिनांकः

विषयः **परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली सम सेमेस्टर परीक्षा जून 2019, वार्षिक पघति परीक्षा 2019, विशेष बैक पेपर परीक्षा 2019 में सम्मिलित होने हेतु पात्र छात्र / छात्राओं की सेमेस्टरवार सूची तथा परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क तथा अंकतालिका शुल्क के ट्रेजरी चालान (मूल प्रति) प्रेषण विषयक।**

**महोदय,**

परिषद कार्यालय के पत्रॉक प्राशिप / अनु0 6 / 2019 / 9225 दिनॉक 27 / 03 / 19 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के क्रम में सूचित किया जाता है कि परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली सम सेमेस्टर परीक्षा जून 2019, वार्षिक पघति परीक्षा 2019, विशेष बैक पेपर परीक्षा 2019 में सम्मिलित होने के पात्र छात्र / छात्राओं के सम्बन्ध में निम्न निर्देशों का अनुपालन करते हुये निर्धारित तिथि तक वॉछित कार्यवाही करने का कष्ट करें:–

1. सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सम सेमेस्टर परीक्षा जून 2019 एवं वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत वार्षिक पघति परीक्षा 2019 में सम्मिलित होने की अनुमति उन्हीं छात्र / छात्राओं को दी जायेगी जिनके पंजियन आनलाईन प्रक्रिया द्वारा पूर्व में किया गया है एवं परिषद द्वारा छात्र / छात्राओं का इनरोलमेंन्ट नं0 जारी किया गया है। प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा ऑवटित अनुक्रमॉक के बिना यदि किसी संस्था द्वारा किसी भी छात्र को परीक्षा में सम्मिलित कराया जाता है तो संस्था स्वयं उत्तरदायी होगी एवं छात्र / छात्रा की परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी।
2. सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सम सेमेस्टर परीक्षा जून 2019 में सम्मिलित होने के पात्र द्वितीय सेमेस्टर, चतुर्थ सेमेस्टर एवं षष्टम् सेमेस्टर तथा अन्तिम वर्ष बैक पेपर परीक्षा 2019 में सम्मिलित होने के छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवेदनपत्र पूर्ववर्ती विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2018 की भॉति आनलाईन प्रक्रिया द्वारा भरे जायेगें।
3. ऑनलाईन परीक्षा आवेदनपत्र भरे जाने की कार्यवाही परिषद की वेबसाइट **www.bteup.ac.in** पर संस्था लागिन के माध्यम से **दिनांक 01 / 04 / 2019 से दिनांक 15 / 04 / 2019 तक रात्रि 12:00 बजे तक की जायेगी।**
4. सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत द्वितीय सेमेस्टर, चतुर्थ सेमेस्टर एवं षष्टम् सेमेस्टर तथा विशेष बैक पेपर परीक्षा 2019, वार्षिक पघति परीक्षा 2019 के छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवदेनपत्र पृथक–पृथक विवरण के अनुसार परिषद कार्यालय में प्राप्त कराये जाये जिसका उल्लेख संलग्न **प्रारूप–1** में स्पष्ट रूप से किया जाये।
5. आनलाईन प्रक्रिया द्वारा भरे गये समस्त परीक्षा आवेदनपत्र की हार्ड कापी ऑनलाइन द्वारा निर्गत नामावली के क्रमानुसार **दिनांक 22 / 04 / 2019 से दिनांक 07 / 05 / 2019 के मध्य परिषद कार्यालय में संलग्न प्रारूप 3 में वर्णित कार्यक्रम के अनुसार अनुभाग 6 में कार्यदिवस में प्राप्त कराया जाना अनिवार्य** है।
6. संस्था प्रधानाचार्य समस्त परीक्षा आवेदनपत्रों की हार्डकापी प्रमाणित करके संलग्न **प्रारूप 1** पर विवरण के अनुसार परिषद कार्यालय में संस्था प्रतिनिधि के माध्यम से प्राप्त करायेगें।
7. प्राविधिक शिक्षा परिषद् उ0 प्र0 लखनऊ से सम्बद्ध संस्थाओं में सेमेस्टर प्रणाली एवं वार्षिक पद्यति के अन्तर्गत अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के परीक्षा शुल्क, अंकतालिका शुल्क एवं परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि निम्नांकित अनुसार निर्धारित की गयी है:–

| कक्षा | परीक्षा शुल्क / परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क / अंकतालिका शुल्क की धनराशि कोषागार में जमा करने की अन्तिम तिथि। |
|---|---|
| सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सम सेमेस्टर परीक्षा जून 2019 में सम्मिलित होने वाले द्वितीय सेमेस्टर, चतुर्थ सेमेस्टर एवं षष्ट्म सेमेस्टर में सम्मिलित होने वाले एवं विशेष बैक पेपर परीक्षा 2019 में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राएं। | **दिनांक–20 / 04 / 2019 तक** |

**सेमेस्टर प्रणालीः–**

प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा आयोजित परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 16–11–2016 में मल्टी प्वाइंट इन्ट्री एण्ड क्रेडिट सिस्टम के अन्तर्गत सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु निर्धारित दर के अनुसार सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सेमेस्टर परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं से प्रति सेमेस्टर परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंकतालिका शुल्क की धनराशि लिये जाने का निर्णय लिया गया है, निर्धारित दरें निम्नवत हैः–

1. **सेमेस्टर की धनराशिः–**

| कमांक | मद | धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सम सेमेस्टर परीक्षा मई / जून 2019 में सम्मिलित होने वाले द्वितीय सेमेस्टर / चतुर्थ सेमेस्टर / षष्ट्म सेमेस्टर के छात्र / छात्राओं से परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क की ली जाने वाली कुल धनराशि। | रू0 420 / –प्रति छात्र / छात्रा प्रति सेमेस्टर |

**वार्षिक प्रणालीः–**

वार्षिक पद्यति के अन्तर्गत वार्षिक परीक्षा 2019 एवं अन्तिम वर्ष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर 2019 में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं से परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंकतालिका शुल्क शासनादेश संख्या–267 / सोलह–प्राशि–3– 2004–5(एस0बी0) 61, दिनांक–17 मई 2004 एवं शासनादेश संख्या–1389(1) / सोलह–प्राशि–3– 2007–5(एस0बी0) 61, दिनांक–23 अक्टूबर 2007 में निर्धारित दर जो निम्नाकित है, के अनुसार देय होगाः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **वार्षिक पद्धति परीक्षा 2019 द्वारा संचालित पाठ्यकम डिप्लोमा इन फार्मेसी हेतु परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क की कुल धनराशि।** | **रू0 560.00 (प्रथम वर्ष)**<br>**रू0 570.00 (अन्तिम वर्ष)** |
| 2 | सेमेस्टर प्रणाली परीक्षा जून 2019 के अन्तर्गत द्वितीय सेमेस्टर / चतुर्थ सेमेस्टर / षष्ट्म सेमेस्टर के छात्र / छात्राओं तथा वार्षिक पद्यति 2019 के अन्तर्गत द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष तथा अन्तिम वर्ष बैक पेपर परीक्षा 2019 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के एक या दो विषय में बैक पेपर होने पर बैक पेपर परीक्षा हेतु ली जाने वाली कुल धनराशि। | वार्षिक पद्धति में 01 अथवा 2 विषयों में बैक होने पर निर्धारित बैक पेपर परीक्षा शुल्क रू0 – 200 / – प्रति छात्र / छात्रा की भॉति सेमेस्टर प्रणाली के छात्र / छात्राओं का न्यूनतम बैक पेपर शुल्क रू0 – 200 / – प्रति छात्र / छात्रा और दो से अधिक बैक होने पर रू0– 100 / – प्रति बैक पेपर। |

**विशेष बैक पेपर परीक्षा माह जून 2019:–**

विशेष बैक पेपर परीक्षा माह जून 2019 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं से परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंकतालिका शुल्क शासनादेश संख्या – 115/प्र0फी0नि0स0/2016 लखनऊ दिनॉक 7 नवम्बर 2016 में निर्धारित दर जो निम्नाकित है, के अनुसार देय होगा:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विशेष बैक पेपर परीक्षा 2019 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क की कुल धनराशि। | रू0 370/– प्रति छात्र/छात्रा (एक अथवा दो बैक पेपर होने पर ) |

10. परीक्षा शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क तथा परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क की धनराशि ट्रेजरी चालान के माध्यम से लेखा शीर्षक के मद **"0202 शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति, 02 तकनीकी शिक्षा, 800 अन्य प्राप्तियां, 03 परीक्षा शुल्क"** में निर्धारित तिथि के अन्दर जमा किया जाये। जमा किये जाने वाले शुल्क के ट्रेजरी चालान के प्रारूप की निर्धारित प्रति संलग्न है। सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सेमेस्टर परीक्षा जून 2019 के द्वितीय सेमेस्टर, चतुर्थ सेमेस्टर एवं षष्टम् सेमेस्टर एवं विशेष बैक पेपर परीक्षा 2019 तथा वार्षिक परीक्षा 2019 के समस्त छात्र/छात्राओं के परीक्षा आदि शुल्क की सम्पूर्ण धनराशि एक ही ट्रेजरी चालान द्वारा जमा किया जाये तथा शुल्क विवरण अनिवार्य रूप से संलग्न **प्रारूप–2** पर परिषद कार्यालय में प्राप्त कराया जाये।

अस्तु अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित निर्देश के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक: उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(संजीव कुमार सिंह)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–6/सम सेमे0परी0 जून 2019/028-030 तद्‌दिनांक: 06/04/2019

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–**

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, पश्चिमी क्षेत्र दौराला मेरठ/मध्य क्षेत्र लखनऊ/बुन्देलखण्ड क्षेत्र झांसी/पूर्वी क्षेत्र वाराणसी।
3. प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग, श्री संजय सक्सेना, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(संजीव कुमार सिंह )
सचिव।

प्रारूप – 1

# कार्यालय सचिव,
# प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिषद द्वारा आयोजित की गयी सम सेमेस्टर परीक्षा जून 2019 सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत द्वितीय सेमेस्टर, चतुर्थ सेमेस्टर एवं षष्टम् सेमेस्टर तथा विशेष बैक पेपर परीक्षा 2019, वार्षिक परीक्षा 2019 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के आनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन पत्रों की जमा की जा रही हार्डकापी का विवरण।

संस्था कोड :–

| | | |
|---|---|---|
| | | |

संस्था का नाम ..........................................................................................................................

| | | सेमेस्टर पद्धति | | वर्षिक पद्धति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कमॉक | ब्रान्च कोड एवं नाम | द्वितीय सेमेस्टर/ चतुर्थ सेमेस्टर/ षष्ठ्म सेमेस्टर | छात्र/ छात्राओं की संख्या | अंतिम वर्ष/ तृतीय वर्ष/ द्वितीय वर्ष/प्रथम वर्ष | Regular छात्र/ छात्राओं की संख्या | Private छात्र/ छात्राओं की संख्या | अन्तिम वर्ष बैक पेपर परीक्षा। |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

(प्रधानाचार्य)

# कार्यालय सचिव,
# प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**प्रारूप – 2**

परिषद द्वारा आयोजित की गयी सम सेमेस्टर परीक्षा जून 2019 सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत द्वितीय सेमेस्टर, चतुर्थ सेमेस्टर एवं षष्टम् सेमेस्टर तथा अन्तिम वर्ष बैक पेपर परीक्षा 2019, वार्षिक परीक्षा 2019 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंकतालिका शुल्क (ट्रेजरी चालान की मूल प्रति) जमा विवरण।

संस्था कोड :– | | | |

संस्था का नाम :– ..........................................................................................................

| क्रमॉक | पाठ्यक्रम का कोड एवं नाम। | छात्रों की कुल संख्या। | ट्रेजरी चालान संख्या एवं तिथि। | कोषागार का नाम जनपद सहित। | चालान द्वारा कोषागार में जमा कुल धनराशि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

(प्रधानाचार्य)
हस्ताक्षर एवं मुहर।

प्रारूप – 3

## कार्यालय, सचिव,
## प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली सम सेमेस्टर परीक्षा जून 2019 एवं विशेष बैक पेपर परीक्षा जून 2019, वार्षिक परीक्षा 2019 मे सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्डकापी परिषद कार्यालय में प्राप्त कराये जाने का कार्यक्रमः–

| कमॉक | संस्था कोड | परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्डकापी मूल चालान सहित परिषद कार्यालय में प्राप्त कराये जाने की तिथि। |
|---|---|---|
| 01. | **पश्चिमी जोन** | दिनॉक 22/04/19 से 26/04/2019 तक। |
| 02. | **मध्य क्षेत्र** | दिनॉक 27/04/2019 से 30/04/2019 तक। |
| 03. | **पूर्वी क्षेत्र** | दिनॉक 01/05/2019 से 03/05/2019 तक। |
| 04. | **बुन्देलखॅण्ड क्षेत्र** | दिनॉक 04/05/2019 से 07/05/2019 तक। |